भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

31.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1478 का उत्तर

रेल कर्मचारियों हेतु पुरानी पेंशन योजना की बहाली

1478. श्री ए. राजा:

श्रीमती हरसिमरत कौर बादल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार रेलवे के निजीकरण के तथाकथित कदम के विरूद्ध तथा इसके कर्मचारियों हेतु पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए रेलवे ट्रेड यूनियनों द्वारा किए जा रहे आंदोलन से अवगत है;

(ख) क्या सरकार ने पुरानी पेंशन योजना की जगह नई पेंशन योजना को कार्यान्वित कर दिया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) नई पेंशन योजना तथा पुरानी पेंशन योजना के गुण-दोषों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): रेलवे के निजीकरण का कोई प्रस्ताव नहीं है।

पुरानी पेंशन योजना के स्थान पर नई पेंशन योजना लागू करने के संबंध में, रेलवे, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग जो पेंशन मामलों पर भारत सरकार का नोडल मंत्रालय है, की नीतियों/दिशानिर्देशों का अनुसरण करती है,

****